# लखनऊ में हज यात्रियों की ट्रेनिंग शुरू

## अनुभवियों ने सिखाए हज के अरकान, 29 अप्रैल से होगी रवाना पहली फ्लाइट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इस्लाम धर्म के पांचवें स्तंभ 'हज' को लेकर लखनऊ में रविवार को एक अहम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इस वर्ष हज पर जाने वाले संभावित यात्रियों को जरूरी मार्गदर्शन और व्यवहारिक जानकारी दी गई।

राजधानी के रामरती अस्पताल परिसर में आयोजित इस ट्रेनिंग कैंप में हज कमेटी आफ इंडिया और यूपी स्टेट हज कमेटी के सहयोग से विशेषज्ञों की एक टीम ने हज यात्रा के तमाम पहलुओं को सरल भाषा में समझाया। जानकारी के अनुसार इस साल उप्र से हज यात्रा की शुरुआत 29 अप्रैल से होगी। पहली फ्लाइट लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना होगी। इस बार प्रदेश से लगभग 12,000 हज यात्री सऊदी अरब रवाना होंगे। इनमें बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं और पहली बार हज पर जाने वाले यात्री शामिल हैं। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि हज केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक साधना है, जो अनुशासन, धैर्य और समर्पण की परीक्षा लेती है। उन्होंने बताया कि हज के अरकानकृतवाफ, सई, अराफात में ठहरना, मिना, मुजदलिफा और जमरात की प्रक्रिया को कैसे शांति और संयम से अदा किया जाए, यह जानना बेहद जरूरी है। प्रशिक्षण सत्र में महिला यात्रियों के लिए अलग से सत्र आयोजित किया गया, जिसमें महिला वालंटियरों ने उन्हें परामर्श दिया कि किस प्रकार धार्मिक मर्यादाओं और स्थानीय नियमों का पालन करते हुए यात्रा को सफल बनाया जा सकता है। हज कमेटी के चिकित्सकों ने बताया कि सऊदी अरब की गर्म जलवायु और भीड़ के चलते यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने मास्क पहनने, पानी की पर्याप्त मात्रा लेने और दवाओं को साथ ले जाने की सलाह दी। इस वर्ष हज यात्रा को और अधिक सुगम बनाने के लिए मोबाइल एप और डिजिटल टूल्स के जरिए मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। यात्रियों को कागजी दस्तावेजों के साथ-साथ डिजिटल पासपोर्ट, वीजा और यात्रा-सम्बंधी सूचना मोबाइल पर ही उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यक्रम के संयोजक हाजी सलीम ने कहा कि हज यात्रा न केवल एक व्यक्तिगत आस्था का विषय है, बल्कि यह समाज को एकजुटता, समानता और सेवा का संदेश भी देती है। उन्होंने कहा कि हर हज यात्री अपने आचरण और व्यवहार से भारत की छवि को बेहतर बनाने के लिए दूत की भूमिका में होता है।

### विदेशी धरती पर चमकेगा यूपी टूरिज्म, दुबई से होगी शुरुआत

**लखनऊ।** उप्र पर्यटन विभाग अब अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर राज्य की सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यटन विरासत को प्रदर्शित करेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत दुबई में 28 अप्रैल से होने जा रहे अरेबियन ट्रैवल मार्केट से होगी। इसके बाद थाईलैंड, फांस, जापान, सिंगापुर, ब्रिटेन, स्पेन, आस्ट्रेलिया, जर्मनी और रूस में यूपी टूरिज्म की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। ट्रैवल मार्ट में अयोध्या, काशी, मथुरा, वृंदावन सहित प्रदेश के प्रमुख और अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों को प्रस्तुत किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य उप्र को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर मजबूत करना, विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाना और स्थानीय रोजगार के अवसरों को प्रोत्साहित करना है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर डीएम ने किया पौधरोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्ष लगाओ-पर्यावरण बचाओ के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को देखते हुए जिस तरह से समस्याएं उत्पन्न हो रहीं हैं, वह हमारे लिए चुनौती है, इस स्थिति में पौधारोपण एक बड़ा विकल्प है पौधे केवल लगाने मात्र से काम नहीं चलेगा बल्कि पेड़ों को बचाना भी होगा। उन्होंने सभी जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास खाली स्थान पर पेड़ अनिवार्य रूप से लगाए एवं उनकी देखभाल भी करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा ने भी पौधारोपण किया। प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कादूनाला व जीजीआईसी गौरीगंज में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को पर्यावरण को बचाने तथा पौधों को लगाने के संबंध में जागरूक किया गया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस वर्षा काल में जनपद अमेठी में लगभग 43.62 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

# लखनऊ में खुलेंगे 20 नए हेल्थ एटीएम, कम उपयोग वाले स्थानों पर होगा बदलाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ शहर में खुले हेल्थ एटीएम पर मरीजों की तादाद बेहद कम है। ऐसे हेल्थ एटीएम को चिह्नित करके उनका स्थान बदला जाएगा, जिससे मरीजों की संख्या बढ़े। हेल्थ एटीएम संचालक केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब ने इसके बारे में निर्देश दिए हैं।

आयुक्त कार्यालय में हेल्थ एटीएम को लेकर उन्होंने समीक्षा बैठक की। यहां उन्होंने 20 नए हेल्थ एटीएम केंद्र स्थापित करने की स्वीकृति दी। इसमें चारबाग, बाटनिकल गार्डन, बसंत कुंज, हजरतगंज पार्किंग, वृंदावन योजना, ईदगाह, लोहिया पार्क, सीएसआई टावर, पुलिस लाइन, विकास भवन, कलेक्ट्रेट, एयरपोर्ट समेत अन्य उपयोगी स्थलों पर नए हेल्थ एटीएम केंद्र बनाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक ने बताया कुछ केंद्रों पर स्थल उपयुक्त नहीं है। इन्हें बदलने की जरूरत है। कुछ सेंटर पर पानी एवं सीवर की समस्या है, जिससे संचालन में दिक्कत आ रही हैं। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर सभी के स्थल बदले जाएं। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, महाप्रबंधक परियोजना लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड, योलो हेल्थ लिमिटेड के प्रतिनिधि, लखनऊ स्मार्ट सिटी परियोजना से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मृतक शिवम कोरी के परिजनों से मिलने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को मृतक शिवम कोरी के आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और गहरा दुख जताया। अजय राय ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में पूरी तरह उनके साथ खड़ी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती है।

प्रदेश अध्यक्ष के साथ अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विजय पासी, सुल्तानपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक राणा, पार्टी प्रवक्ता अनिल सिंह, रवि तिवारी, मोहम्मद मतीन, कुलवंत सिंह, ग्राम प्रधान अजय यादव, सुनील सिंह, अभय दत्त, राछास जिला अध्यक्ष सुमित तिवारी, हनुमंत विश्वकर्मा, राजीव ओझा, रविंद्र सिंह, प्रमोद तिवारी, सौरभ सिंह, विपिन पाण्डेय समेत कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने सरकार से मृतक के परिजनों को मुआवजा और न्याय की मांग की है। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को सांत्वना दी।

### उधारी मांगने पर दबंगों ने साइकिल और रुपये छीने

**गोंडा।** जिले के कटराबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत तैय"बपुर गांव में दबंगों की दबंगई सामने आई है। जिसमें उधारी के रूपये मांगने से आग-बबूला हुये दबंगों ने एक व्यक्ति की साइकिल और रूपये छीन लिये। जब पीड़ित ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की तो उसने कोई कार्रवाई नहीं की।जिसपर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के मुताबिक तीन वर्ष पूर्व खेमपुर गांव के कुप्पी और चौधरी नाम के दो व्यक्तियों ने तैयब्बपुर निवासी जमुना प्रसाद से धान खरीदा था और 1400 रुपए उधार लिए थे। हाल ही में जब पीड़ित ने बकाया पैसे की मांग की,तो दबंगों ने न सिर्फ पैसे लौटाने से इनकार किया बल्कि, गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दौरान जमुना प्रसाद को लात-घूंसों और डंडों से बुरी तरह पीटा गया। यही नहीं, उनके पास से 5500 रुपए नकद, दूध की केन और साइकिल भी छीन ली गई। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की गई, तो उन्हें जान से मारकर लाश गायब कर दी जाएगी। गांव वालों के हस्तक्षेप से जमुना प्रसाद की जान बच सकी। उन्होंने इस घटना की लिखित तहरीर दी थी। पीड़ित का कहना है कि,पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़ित जमुनाप्रसाद ने पुलिस अधीक्षक से न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### विश्व धरोहर दिवस पर छात्रों में जागरूकता बढ़ी

**लखनऊ।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा दो विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। निशातगंज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज और मडियांव स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में प्रदर्शनी, व्याख्यान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## मनचाहे रोस्टिंग की मार से विद्युत उपभोक्ता बेहाल

**गोंडा।** विद्युत विभाग की अनियमित रोस्टिंग सिस्टम से इस भीषण गर्मी में जिले के वजीरगंज कस्बे के उपभोक्ता बेहाल हैं। विद्युत कर्मी कब रोस्टिंग दे दें इसका कोई भरोसा नहीं।आमतौर पर 18 घंटे सप्लाई के दावे के इतर महज दस से बारह घंटे तक ही सप्लाई वजीरगंज को दी जा रही है। अब एक तो भीषण और जानलेवा गर्मी ऊपर से और रोस्टिंग के नाम पर अघोषित बिजली कटौती लोगों को भारी पड़ रही है। लोगों की माने तो इसमें स्थानीय विद्युत कर्मी सप्लाई में मनमानी कर रहे हैं।रोज का उनका कोई रोस्टिंग का टाइम नहीं है ,कब कितने घंटे की रोस्टिंग देंगे आम लोगों को कुछ अता-पता नहीं है। जब इस भीषण गर्मी में बिलबिलाते हुये लोग विद्युत कर्मियों को फोन करते हैं तो उधर से जवाब रोस्टिंग होने का आता है। जैसे-तैसे लोग जब उतना टाइम काटने के बाद विद्युत कर्मियों को फोन करते हैं तो उधर से जवाब आता है अमुक जगह काम कर रहे हैं,लाइट अभी कुछ घंटे बाद सप्लाई दी जायेगी। इस संबंध में जब इस संबंध में विद्युत अधिकारियों से बात की जाती है तो वह बताते हैं कि,उनके पास मैसेज है कि,सप्लाई चालू है। लोगों का कहना है कि,स्थानीय विद्युत कर्मी रोस्टिंग के नाम पर मनमानी करते हैं।दस-दस घंटे रोस्टिंग के नाम पर कटौती होने के बाद जब बिजली आती भी है तो हर दस से पंद्रह मिनट पर लगातार कटौती होती रहती है। बता दें किबिजली से संबंधित शिकायतों और उसके निस्तारण हेतु वाटसप पर विद्युत सप्लाई सूचना के नाम से विद्युत विभाग ने एक ग्रुप बनाया है। जिसमें सप्लाई व शिकायतों से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा सके। जिसमें उपभोक्ताओं कमेंट से उनका दर्द और आक्रोश साफ महसूस किया जा सकता है।बहरहाल बिल वसूली के अधिकारियों में गंभीरता है पर सप्लाई देने के नाम पर कोई कुछ सुनने को राजी नहीं है।जिसके चलते वजीरगंज के उपभोक्ताओं में इनके प्रति आक्रोश बढता जा रहा है।

## हीटवेव से बचाने के लिए हर निकाय में बनेगा कूलिंग सेंटर

**गोंडा।** भीषण गर्मी और हीटवेव के मद्देनजर जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर जनसामान्य को राहत पहुंचाने के लिए जनपद की समस्त नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में कूलिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यह व्यवस्था अगले एक से दो दिनों में पूरी तरह लागू कर दी जाएगी। जारी आदेश के अनुसार, सभी नगर निकायों में इन कूलिंग सेंटर्स की स्थापना तत्काल की जाएगी, जहां पर छायादार स्थान, पंखा अथवा कूलर, पीने के लिए स्वच्छ जल, ओआरएस पैकेट और आवश्यकता पड़ने पर फर्स्ट एड किट उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर वाटर एटीएम, पानी के घड़े आदि की भी व्यवस्था की जाएगी। सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक कूलिंग सेंटर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा,जिसकी जानकारी स्पष्ट रूप से बैनर पर अंकित रहेगी। इसके अलावा, वाहनों के माध्यम से पीए सिस्टम का उपयोग कर लोगों को ष्क्या करें, क्या न करेंष जैसे निर्देश देकर जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की इस पहल का उद्देश्य है कि हीटवेव से आमजन को हर स्तर पर राहत मिल सके और किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

### दिव्यांग जनों को मोबाइल कोर्ट में मिला न्याय

**अमेठी।** दिव्यांग जनों की समस्याओं के निराकरण हेतु तहसील गौरीगंज के सभागार में उप्र के राज्य आयुक्त दिव्यांगजन प्रोफेसर हिमांशु शेखर झां की अध्यक्षता में दिव्यांग मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में दिव्यांग जनों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उपायुक्त दिव्यांगजन शैलेंद्र कुमार सोनकर भी उपस्थित रहे। आज आयोजित इस दिव्यांग मोबाइल कोर्ट में जनपद अमेठी के कुल 74 दिव्यांग जनों ने पहुंच कर राज्य आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं प्रस्तुत की, दिव्यांग जनों द्वारा उठाई गई प्रमुख समस्याओं जैसे आवास, शौचालय, भूमि विवाद, पुलिस संबंधी कार्यवाही हेतु, पेंशन, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, बिजली बिल, स्वास्थ्य विभाग संबंधित कुल 105 मामले पंजीकृत कराए गए, सभी मामलों के समाधान के लिए राज्य आयुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दिव्यांग जनों को आदेश की प्रति भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर राज्य आयुक्त ने कहा कि यह दिव्यांग मोबाइल कोर्ट दिव्यांग जनों के लिए न्याय की पहुंच को सुगम बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल है राज्य आयुक्त की टीम जनपदों में जाकर दिव्यांग जनों की समस्याओं की सुनवाई करती है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट कार्यालय के सभी पटल/अनुभागों का किया आकस्मिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी पटल/अनुभागों का आकस्मिक निरीक्षण कर पत्रावलियों के सुव्यवस्थित ढंग से रख रखाव, साफ सफाई सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया।

संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अधिकारी कक्ष, नजारत, वेतन लिपिक/विविध लिपिक कक्ष, राजस्व सहायक कक्ष, ईआरके /शिकायत/डिस्पैचर कक्ष, अभिलेखागार, पब्लिक काउंटर, भूलेख अनुभाग, न्याय सहायक कक्ष, ई-डिस्ट्रिक्ट/कंट्रोल रूम, एलएसी कक्ष, शस्त्र लिपिक, राजस्व अभिलेखागार, मुख्य राजस्व लेखाकार कक्ष, जिला आपदा नियंत्रण कक्ष सहित अन्य पटल/अनुभागों का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों को पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखरखाव, साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका आदि को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि कलेक्ट्रेट परिसर में कहीं पर भी गंदगी आदि न होने पाए इसका विशेष ध्यान रखेंगे अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# ग्रामीण सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक वरदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत बनाकर गांवों को अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बन रही सड़कों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और अभियंताओं को निर्देशित किया कि एफडीआर तकनीक से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नए ऊर्जावान अभियंता और अनुभवी ठेकेदार यदि सामंजस्य और तालमेल के साथ काम करें तो उप्र को तरक्की की नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभियंता केवल सुपरवाइजरी न करें, बल्कि साइट पर खड़े होकर कार्य कराएं, जिससे कार्य की गुणवत्ता में सुधार आएगा और व्यक्तिगत जुड़ाव से अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों को इस प्रकार बनाएं कि वे ग्रामीण हाईवे की तरह नजर आएं। पीएमजीएसवाई की सभी सड़कों का निर्माण शत-प्रतिशत एफडीआर तकनीक से किया जाए। यह तकनीक न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी बेहतर विकल्प है। एफडीआर तकनीक की खासियत बताते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें सीमेंट और केमिकल मिलाकर एक परत तैयार की जाती है, जिससे बाहर से गिटी या पत्थर की आवश्यकता नहीं पड़ती। पूर्व में बनी सड़कों का ही पुनः उपयोग कर उच्चीकरण किया जाता है, जिससे लागत कम होती है और गुणवत्ता भी बनी रहती है। उप्र ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि पीएमजीएसवाई के अंतर्गत 747 सड़कों (लंबाई 5820.79 किमी) को एफडीआर तकनीक से बनाए जाने की स्वीकृति दी गई है, जिसकी कुल स्वीकृत लागत लगभग 5992 करोड़ रुपये है। इनमें से अब तक 535 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

# जिलाधिकारी ने श्रवण क्षेत्र धाम में हो रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेडकर नगर।** डीएम अविनाश सिंह ने श्रवण क्षेत्र धाम में हो रहे विभिन्न पर्यटन विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा भगवान श्री राम वाटिका में भ्रमण किया गया तथा श्री राम वाटिका के बगल स्थापित भगवान शिव जी की प्रतिमा के परिसर के फिनिशिंग कार्यों का अवलोकन किया तथा उसे आकर्षक स्वरूप देने के संबंध में संबंधित के संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने निर्माणाधीन भगवान हनुमान जी महाराज वाटिका एवं उसमें स्थापित किए जा रहे भगवान श्री हनुमान की भव्य प्रतिमा के पेंटिंग एवं वाटिका के फिनिशिंग कार्यों का अवलोकन किया और मौके पर उपस्थित कार्यदाई संस्था के कार्मिकों को कड़े निर्देश दिए कि कार्यों को तीव्र गति से कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाए की कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पार्कों सहित संपूर्ण श्रवण क्षेत्र धाम परिसर में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के प्रयास से माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रेरणादारी नेतृत्व में श्रवण क्षेत्र धाम में भगवान श्री राम की प्रतिमा एवं भगवान शिव जी की प्रतिमा का अनावरण किया जा चुका है इसी के क्रम में वहां पर भगवान श्री हनुमान जी की भव्य प्रतिमा स्थापना का कार्य फिनिशिंग स्तर पर है जिसे शीघ्र पूरा किया जाएगा।जनपद अयोध्या में भगवान श्री राम जी की भव्य मंदिर की निर्माण के उपरांत श्रवण क्षेत्र धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में तीव्र गति से वृद्धि हुई है।

### आग से दहशतः पराली में लगी आग ने लिया विकराल रूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** गर्मी और तेज हवाओं के दौर में आग जैसे आसमान से बरस रही हो, और धरती उसे थामने को तैयार बैठी हो कृ मंगलवार को बुंदेलखंड के चित्रकूट में ऐसा ही नजारा सामने आया, जब मानिकपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत ऊंचाडीह के मजरा पयासी पुरवा में खेत पर पड़ी पराली में अचानक आग लग गई। माना जा रहा है कि आग शार्टसर्किट से लगी, जो कुछ ही मिनटों में हवा के साथ विकराल रूप में फैल गई। तेज लपटें गांव की ओर बढ़ने लगीं, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। डरे-सहमे लोगों ने तत्काल उपजिलाधिकारी, पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है, जब आग पयासी पुरवा से होते हुए गुलरिहा पुरवा तक पहुंच गई।

# संविधान की रक्षा के लिए जनसंघर्ष किया जाएगा : कृष्ण कुमार यादव

## कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत कर पंचायत चुनाव जीतना हमारा लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** सरकार संविधान की मूल भावना, संस्थाओं की निष्पक्षता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला कर रही है। संविधान और देश की आत्मा की रक्षा जनसंघर्ष किया जायेगा,यह देश की आत्मा बचाने की लडाई होगी।

कांग्रेस पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए मुझे कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, मेरा बेरोजगारों,युवाओं, किसानों, मजदूरों और समाज के हर वर्ग की समस्याओं के समाधान के संघर्ष कर कांग्रेस पार्टी के साथ जोड़ना है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही।उन्होंने कहा कांग्रेस की रीतियों नीतियों, विचारधारा को आमजन के बीच पहुंचाने के लिए गांव गांव चौपाल, जनसभाओं और रैलियों, का सहारा लेंगे,और गांव-गांव, घर पर जाकर लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर पार्टी को मजबूत करने के कार्य कर पंचायत चुनाव जीतना पहला लक्ष्य है। उन्होंने कहा सरकार की जनविरोधी नीतियों महंगाई, बेरोजगारी के विरुद्ध लोकतांत्रिक तरीके से सदैव आवाज बुलंद करते हुए आमजन को न्याय दिलाने का कार्य करता रहूंगा। लोकतंत्र और संविधान की मजबूती के लिए आमजन मे सदैव जागरूकता का कार्यक्रम चलाता रहूंगा।जिले में जहां जहां आमजन के साथ अन्याय होगा वहां पर मै जनपद के कांग्रेसजनों के साथ संघर्ष कर न्याय दिलाने का कार्य करूंगा।नि कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता रहे स्व. मुनीर के पुत्र जामिन अब्बास ष्अमनष ने अपने लगभग दो दर्जन साथियों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।पत्रकार वार्ता मे मेरे साथ पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक सिंह, कांग्रेस बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक रमेश मिश्र, एआईसीसी सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछवी, पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल,उप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अमित जायसवाल, पीसीसी सदस्य डा. नंदलाल चौधरी, पूर्व सभासद द्विजेन्द्र नारायण शुक्ल,पीसीसी सदस्य सरिता यादव, पूर्व पीसीसी सदस्य बद्रीनारायण शुक्ला, कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, जितेन्द्र पटेल, गुलाम रसूल छोटू, डा. सतीश चंद्र प्रजापति, श्रीकांत वर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष डा. आरपी कौशल,कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय, रेहान जैदी,युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा,उदयभान मिश्र राजबहादुर, लसुखीलाल वर्मा, हेमंत यादव, अफरोज आलम वेग,अनुराग तिवारी,शीतला प्रसाद श्रीवास्तव सोनू, ज्ञानेंद्र पाठक नन्हे ,आशाराम यादव, आनंद अमृतराज वर्मा,नंदकुमार गुप्ता अमित यादव संजय,राजेश वर्मा,राजेश प्रजापति, वीर बहादुर सिंह, देवमणि पाठक,रामकृपाल धावक,अजय पासवान,सै ऐतबार हुसैन अक्कन , राजकुमार अग्रहरी, जोखन यादव, राजकुमार तेली,रीतेश तिवारी, इरशाद अली,लैसनवी खान, राजमणि वर्मा,कपिल देव वर्मा, वीपी गौतम समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ की कर करेत्तर व राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व संग्रह और प्रवर्तन के कार्यों में तेजी लाएं और यह सुनिश्चित करें कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली एवं प्रवर्तन कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण हों। इसमें किसी भी प्रकार की लाप. रवाही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आरसी के सापेक्ष बकाया जमा न करने वाले बकायेदारों के विरुद्ध जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि वसूली के लिए तहसीलों में टीमें गठित की जाये, जो संयुक्त रूप से चिन्हित सभी बकायेदारों तक पहुंचेंगी और वसूली व राजस्व संग्रह में तेजी लायेंगी। जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सचल दल के माध्यम से जांच व प्रवर्तन कार्यों में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि



स्थानीय निकाय क्षेत्रों में भी कर के दायरे को बढ़ाया जाए और अधिशासी अधिकारी प्रमुख मार्गों पर अवैध अतिक्रमण की समस्या का भी समाधान करें, इसके लिए समय-समय पर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जाये। जीआईएस का कार्य गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण करने के लिए जिलाधिकारी ने सभी ईओ को निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को इसकी मानीटरिंग करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को प्रत्येक माह 25 बड़े बैनामे, तहसीलदारों/नायब तहसीलदारों को 10-10 बड़े बैनामों के जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद में अवैध शराब के मामलों पर पूर्णत: प्रतिबन्ध लगायें, इसके लिए सम्बन्धित एसडीएम से सहयोग लेकर पुलिस बल के साथ प्रवर्तन की कार्यवाही करें।

तहसीलों में होने वाले विभिन्न प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम और तहसीलदार को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के लिए निर्धारित समय में अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में उपस्थित रहें और आम जनमानस की शिकायतें सुने। राजस्व न्यायालय का निर्धारित रोस्टर के अनुरूप निर्बाध रूप से संचालन होना चाहिए, ताकि अधिकतम वादों का समयबद्ध निस्तारण संभव हो सके।

उन्होंने वरासत के मामले में समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से कार्रवाई पूर्ण करने के साथ ही आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता के साथ-साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भूदान सेवा समिति की जमीन की पैमाइश को पहुंची राजस्व टीम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** भू-दान सेवा समिति की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर तहसीलदार ने जांच को बनाई थी राजस्व कर्मियों की टीम, जांच करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने जांच कर जमीन को कराया कब्जा मुक्त।

जानकारी के अनुसार नगर निवासी भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी की तहसील शाहाबाद क्षेत्र में उत्तर प्रदेश भू-दान सेवा समिति सेवापुरी आश्रम बनारस की शाहाबाद क्षेत्र में 560 बीघा भूमि उपलब्ध है जिस पर कुछ भूमाफियाओं ने चकबंदी विभाग से मिलकर अवैध रूप से अपने नाम पट्टे चढ़ा लिए थे जिसमें कुछ पट्टे निरस्त भी हो गए हैं जिसको कब्जा मुक्त कराया जाए। जिसकी जांच करने मंगलवार को तहसीलदार शाहबाद राकेश कुमार चन्द्रा ने नायब तहसीलदार अंकुर अन्तल, राजस्व निरीक्षक संजय सक्सेना राजस्व निरीक्षक हरवंश हल्का लेखपाल रमन कुमार राज. कुमार शर्मा ,सुनित कुमार, मोहम्मद सालिक ,मनोज कुमार की एक टीम गठित की टीम के साथ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शाहाबाद पुष्पेंद्र सिंह राठौर मौके पर पहुंचे, मौके पर पहुंचने पर पाया की कुछ जमीन पर कुछ लोगों ने गेहूं की फसल की थी लेकिन फसल काट ली गई और कुछ जमीन का हिस्सा नदी में है जिसकी पैमाइश कर निशान देइ की गई।

## गाली गलौज व मारपीट करने में दो पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भरतपुर के रहने वाले कमरूद्दीन पुत्र मजीद ने गाली गलौज मारपीट के आरोप में 2 के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है ।उसका आरोप है कि बीते दिनांक 8 अप्रैल को सुबह समय करीब 7 बजे विना वात के प्रार्थी को उसके गांव भरतपुर के ही रहने वाले अली अहमद पुत्र सरदाह व निजाकत पुत्र अली अहमद गन्दी 2 गालिया दे रहे थे । जव मैने गाली देने को मना किया तो मुझे लाठी डन्डो व धारदार हथियार से वार किया । जिससे मेरे शरीर पर चोट आयी मेरा इलाज सरकारी अस्पताल रामपुर में चल रहा था । पुलिस ने कमरुद्दीन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है।

# भीतरगांव बिजली घर की मशीन में लगी आग विद्युत व्यवस्था ठप

## फायर ब्रिगेड में बमुश्किल तमाम आग पर पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शाहाबाद के भीतरगांव में बने बिजली घर मे लगी मशीन में मंगलवार को भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी मशीन जल गई।

भीषण आग देखकर बिजली घर और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई सूचना पर विद्युत अधिकारी मौके पर पहुंच गए और इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी और इलाके की सप्लाई बंद कराई। आग की जानक.



ारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाडी मौके पर पहुंची। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग को काबू कर लिया गया। वहीं आग के लगने से मशीन पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है बताया जा रहा है कि विद्युत विभाग को इस घटना से काफी नुकसान हुआ है।

राहत की बात यह रही कि किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। जिसके चलते थोड़े समय के लिए नगर की विद्युत व्यवस्था ठप हो गई लेकिन विद्युत कर्मियों के लगातार प्रयास से नगर में विद्युत सुचारु हो गई।

# जीएनए में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम

**( इकरार हुसैन )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के गुरु नानक एकेडमी के परिसर में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में विशेष आयोजन हुआ। कक्षा एल.के.जी . तथा यू.के.जी. के बच्चों ने नाटक के माध्यम से प्रकृति की सुंदरता को दर्शाया कक्षा 2 के छात्र-छात्राओं ने मैं पेड़ हूं कविता सुनाई जिसके माध्यम से उन्होंने बताया कि पेड़ किस तरह हमारी प्रतिदिन सहायता करते हैं कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचाओ पेड़ बचाओ को नृत्य नाटक के माध्यम से समझाया कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों को बताया तथा सभी को प्लास्टिक से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 2 और 3 की छात्राओं ने न्यूजपेपर



तथा बेस्ट मटेरियल से बनी पोशाको को पहनकर रैंप वॉक किया विद्यालय के चैयरमैन विशेष शर्मा, उपाध्यक्ष रिजवान खान ने सभी विद्यार्थियों की सराहना की उन्होंने इसी प्रकार से भविष्य में आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मीनू मिश्रा, अंजलि गंगवार, आकांक्षा गंगवार, रिचा गंगवार, नीरज गंगवार, खुशी, नाजिया , बबीता सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खण्ड विकास अधिकारी चमरौआ सूरज कुमारी की अध्यक्षता में विकास खण्ड के सभागार में पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। शासन के निर्देशानुसार जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक विभिन्न विभागों द्वारा पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण का उन्मूलन तथा स्वस्थ जीवन को प्रोत्साहित करना है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि कुपोषण



उन्मूलन के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप से डिजिटल निगरानी तथा नवजात बच्चे के पहले 1000 दिन में मातृ शिशु पोषण के साथ-साथ पोषण प्रबंधन एवं बच्चों में मोटापे की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

## ट्रैफिक पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद /रामपुर।** ट्रैफिक पुलिस के टी एस आई अजय तेवतिया के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें वाहन चालकों को यातायात के नियम की बावत जानकरी देते हुए जागरूक किया गया। दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के चल रहे हैं वाहन चालकों को हेलमेट लगाने की हिदायत दी। हेलमेट कैसे लगाए इसके बारे में लोगों को बताया और तीन सवारी बैठकर बाइक ना चलाएं। चार पहिया वाहन चालकों को भी दिशा निर्देश दिए कि बिना सीट बेल्ट लगाए व नशे की हालत में वाहन ना चलाएं। आपका जीवन अनमोल है।

टी एस आई अजय तेवतिया ने बताया कि अभियान के तहत वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

वहीं बिना हेलमेट लगाए पांच बाइक सवारों पर कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए हैं ।

# लर्निंग लेडर स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के लर्निंग लेडर स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर, विद्यालय के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझते हुए अनेक गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए , चित्रण के माध्यम से पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मिलक क्षेत्र की ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अर्चना गंगवार, विद्यालय के संस्थापक श्री शुभांक प्रकाश, विद्यालय की निदेशक श्रीमती दर्शिता गंगवार, प्रधानाचार्य श्री हिमांशु भाटिया, सभी शिक्षक गण एवं छात्र/ छात्राए उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने बच्चों की जागरूकता



को बढ़ाया और उन्हें पृथ्वी की महत्ता के प्रति प्रेरित किया। उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का प्रतिज्ञा की। इस अवसर पर बच्चों ने अपने पेड़-पौधों की देखभाल और स्वच्छता अभियान में भाग लेने का संकल्प लिया। लर्निंग लेडर स्कूल का यह पृथ्वी दिवस समारोह पर्यावरण की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# ट्रैफिक पुलिस ने किया दो ई-रिक्शाओं का सत्यापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** ट्रैफिक पुलिस के टी एस आई अजय तेवतिया के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान उन्होंने दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

वही 1 अप्रैल से ई -रिक्शा के प्रति चलाए जा रहे अभियान के तहत ई-रिक्शाओं का सत्यापन किया जा रहा है।

इस दौरान उन्होंने दो ई रिक्शाओं के कागजात बड़ी बारीकी से चेक किये दोनों ई- रिक्शाओं के कागज सही निकले वही ई-रिक्शाओं की बावत चलाया जा रहा है अभियान के तहत अपंजीकृत ई -रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस द्वारा प्रतिदिन अपंजीकृत ई- रिक्शा के खिलाफ चलाए जा रहा है अभियान के तहत अपंजीकृत ई -रिक्शा को सीज किया जा रहा है । ट्रैफिक पुलिस के टी एस आई अजय तेवतिया ने बताया कि पंजीकृत ई रिक्शाओं का अभियान के तहत सत्यापन भी किया जा रहा है जिसमें ई- रिक्शा के कागजों की गहनता से जांच की जाती है फिर उनको एक प्रमाण पत्र दिया जाता है। आज दो ई-रिक्शाओं का सत्यापन किया गया है जिनके कागज सही पाए गए।

# ग्रीनवुड स्कूल रामपुर में Brainy Battle साइंस क्विज का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रीनवुड स्कूल रामपुर में मंगलवार को Brainy Battle साइंस क्विज का आयोजन किया गया । यह क्विज प्रतियोगिता स्कूल में हर वर्ष आयोजित की जाती है। इसी संदर्भ में आज स्कूल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें सामान्य विज्ञान, सामान्य ज्ञान , सामाजिक विज्ञान तथा सम सामायिक विषयों से संबंधित प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंतर विद्यालय स्तर पर आयोजित इस भव्य प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल सभागार में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में रामपुर के 14 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता को दो समूह में आयोजित किया गया था। पहला समूह जूनियर स्तर का था जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने भाग लिया। दूसरा समूह सीनियर स्तर का था जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों ने भाग लिया। इस विज्ञान प्रश्नोत्तरी का शुभारंभ ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान और प्रधानाचार्य एन. के.तिवारी ने



किया। प्रतियोगिता में मेजबान ग्रीनवुड स्कूल सहित रामपुर के 14 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में Greenwood School [DMA] Sunway [Global International School] Lead India School] Sarv Sanskriti] Sai Sr. Sec] Smart Indian Model School] The Radiance] Divine International School] East West Public School] Heritage Children Academy ने भाग लिया प्रतियोगिता चार राउंड में आयोजित की गई थी। इसमें दो बजर राउंड ,एक सामान्य राउंड और एक रैपिड फायर राउंड पर आधारित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता का परिणाम आने के बाद विजयी बच्चों को स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान ,ज्वांइट डायरेक्टर समीन खान और प्रधानाचार्य एन. के. तिवारी ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया । इस विज्ञान प्रश्ना. ेत्तरी का परिणाम निम्नलिखित रहा-

कक्षा 6 से 8
1. Greenwood
2. The Radiance
3. DMA

कक्षा 9 से 12
1. Greenwood
2. Smart Indian Model School
3. Global International School

कार्यक्रम का संचालन सुष्मिता आदित्य, सबिहा नाज और सालिक अलमासी ने किया। कार्यक्रम को कंडक्ट कराने में अमीन अली ,विनय केवट और सुमित राय ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, हैड मिस्ट्रेस परवीन खान, मुदित शर्मा ,फिरोज हैदर शिल्पी अरोरा मनदीप सिंह, सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# परवाह अभियान तहत चेतावनी के साथ वाहन चालकों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सीओ एंव कोतवाल ने यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा की बावत समझाते हुए सड़क पर बाइक सवारों को रोककर हेलमेट पहनकर बाइक चलाने के प्रति जागरूक किया है। साथ ही उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। अगर फिर भी नहीं मानते हैं, तो उसके बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

सोमवार को सीओ हर्षिता सिंह और कोतवाल पंकज पंत ने नगर के रामपुर चौराहे पर आने जाने वाले वाहन चालकों को रोक-रोककर यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए दोपहिया वाहन पर हेलमेट लगाने तथा चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने कहा जीवन एक अनमोल रतन है। इसके प्रति सरकार द्वारा लगातार जागरूक किया जा रहा है। वहीं उन्होंने हेलमेट लगाकर जीवन की सुरक्षा किए जाने हेतु प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि बढ़ते हादसों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आने-जाने वाले वाहन चालकों को जागरुक करते हए निर्देशित भी किया है।

